RNI No. : DELBIL/2015/60039


*Right to Express the Right*

www.legalboundary.in

₹50/-

# LEGAL BOUNDARY

Vol. 9 / Issue 05 / April 2024



## मोबाइल की लत से बढ़ रहा ऑटिस्टिक स्प्रेक्ट्रम डिजऑर्डर का खतरा

## JHARKHAND'S GOLDEN TRIANGLE : THE RISING THREAT OF DRUG TRAFFICKING

# A I THREAT TO DEMOCRACY

# GRIZZLY VIDYALAYA

Affiliated to CBSE Upto +2 Level, An English Medium, Co-educational, Day cum Boarding School

# ADMISSION OPEN FOR 2024-25





## OUR FEATURES

- A private Boarding School with highest strength in Jharkhand
- Hostel facility available from Grade II & Day Schooling from Nursery onwards
- Personality development classes in competitive environment
- Special Guidance on Competitive Exam (IIT, NDA, CLAT and NEET)
- Tailored NTSE Preparatory Program for Students in Grades VIII to X
- State-of-the-art Laboratories with Advanced Facilities
- Tailored remedial classes for enhanced learning support for slow learners
- Expert trainers for Hobby Classes & Sports
- Well Experienced trained faculty
- 24x7 CCTV monitoring

**SEPARATE HOSTEL CAMPUS FOR BOYS & GIRLS**















## MORE INFORMATION

6200569264, 7070098751

www.grizzlyvidyalaya.com

info@grizzlyvidyalaya.com

P.O. Telaiya Dam, Dist. Koderma-825409

LEGAL™ BOUNDARY

**S.K.Sinha**
Editor in Chief

**Satya Prakash**
Editor

**Suresh Chaursia**
Editorial Head, Hindi

**Punam Prakash, Vinesh Chhabra**
Editorial Advisor

**Manik Chand Seth**
Sub Editor

**Niraj Kumar &**
**Dhananjay Kumar Jha**
Correspondent Delhi/NCR

**Hemant Pandey**
Political Correspondent

**Sanjay Kaushik,**
Bureau Chief, Uttar Pradesh
**Gaurav Kumar**
Correspondent : Uttar Pradesh
**Kulwinder Pal**
Bureau Chief, Punjab
**Rohit Rohan**
Head Marketing and Publicity
**Jai Gopal Sharma**
Principal Correspondent, Ranchi

**Raj Kumar Singh**
Video & Graphic Editor

Event & Circulation
**Vishal Prasad / Basant Kumar**

Legal Advisor
**Anup Kumar / RN Singh**
**Tarun Aggarwal / Sanjay Sonkar**

**Jayant Kumar Pandey**
Account and Operation

**Marketing and Publicity By**
TTPS Media and Publishing Private Limited

**Samant Kumar Pandey**
Graphic and Design

Editorial Office:-
**Editorial Office:- G-165, IInd Floor,**
**Sector-63, Noida , Uttar Pradesh**
**E-mail:-legalboundary@gmail.com**
**Website:-www.legalboundary.in**
**Youtube:-Legal Boundary**
**Phone: 7982860832**

Registered Address:-
**A-17,100 Feet Road, Hardevpuri**
**Shahdara, Delhi-110032**

**RNI No. : DELBIL/2015/60039**

**Owner and Editor, Satya Prakash, Publisher and Printer Ved Prakash Printed at Jiya Book Binding Works, Address-402, Basement, Patparganj Industrial Area, Delhi-110092 Andplace of Publication A-17,100 Feet Road,Hardevpuri Shahdara, Delhi-110032.**

**All disputes are subject to the exclusive Jurisdiction of competent courts/forums of Delhi.**

# CONTENTS




06 AI THREAT TO DEMOCRACY....





10 Election system gives oxygen to..

18 18वाँ लोकसभा चुनाव



26 Jharkhand's Golden Triangle....





42 latest update

46 Tamannaah Bhatia's happiness

MEDIA AND PUBLISHING

A premium 360-degree

Our services

Printing and Publishing
Social Media Marketing/SMM
Political Campaigning
SEO & Content Writing
Google & FB Ads
YouTube Marketing / SEO
Graphics designing
Video Editing
Facebook & Insta Marketing
PPC Adwords
Social Media Handling
Video Production

Call @ 735216521

TTPS MEDIA AND PUBLISHING PRIVATE LIMITED



# THE 18TH LOK SABHA OF !! BY !! FOR !! THE PEOPLE OF INDIA...

As the worlds largest democracy goes to polls for the 18th Lok Sabha, there ought to bebig noise. Farmers not happy, Chief Ministers going to jail, release of the Electoral Bond data, turncoats getting coveted tickets and so on, coincidentally, at the beginning of the festival called the General Elections makes the story interesting.ECI gets refreshed and is ready for the herculean task ahead.

The ruling party will go to the people for a third term and the opposition will look for means to stop them. But the opposition seems to be running late and out of ideas or is it short of leadership. All said, they have surely failed to show strength.

The people of India must find their way through the maze of information and mis-information of the social media. The general feeling is that the trustworthy media is no longer worthy to be trusted. All seems to be fake and fable sold Intelligently being Artificial.

It is to be seen what this electorate decides. Will they be driven by the lure like yesteryears or will they come out in numbers to truly cast their mandate for progress and development.

Whatever the result of the polls but democracy will win only when each voter reaches the booth and presses the button on the appointed day. It is the foremost duty of every citizen to vote, else you have no right to complain later.

Remember !

**MY VOTE IS MY FUTURE !**

**S. K. Sinha**

Editor in Chief
**LEGAL BOUNDARY**




# AI THREAT TO DEMOCRACY

*In the elections for the 18th Lok Sabha much like past elections, the online platforms will play a role in shaping the contours of the campaigns and new developments will challenge the already contested information space. The major development is generative artificial intelligence (AI), which allows anyone to create realistic images, video, audio, or text .*

● **SK SINHA**

When the largest democracy goes to poll, a new emerging threat called AI looms large.

Artificial intelligence (AI) refers to computer systems capable of performing complex tasks that till now only a human could do. Reasoning, decision making, and solving problems can be performed by computer systems.

Artificial intelligence is the theoretical state in which a computer system is able to exceed human intelligence. Common examples today are ChatGPT, Google Translate, Netflix, Tesla etc.

Whenever we use the term artificial general intelligence, we are referring to the kind of computer programs and machines that are commonly found in popular science fiction.

The major threat lies in the ability of AI to quickly generate new content, text or images. Today it is the major tool to create misinformation and violate laws and regulations.

The impact of social media on elections is evident but the threat of AI is enormous and unexplored. Agencies involved in conducting fair elections are yet to device means to counter this unseen enemy.

In the elections for the 18th Lok Sabha much like past elections, the online platforms will play a role in shaping the contours of the campaigns and new developments will challenge the already contested information space. The major development is generative artificial intelligence (AI), which allows anyone to create realistic images, video, audio, or text .

AI outputs have been advanced enormously. We have already seen the impact with the launch of ChatGPT in November 2022. Its potential for creating a disinformation chaos in the 2024 by accelerating production of false information.

AI generated or significantly altered content can be used to undermine democratic discourse and electoral behaviour in a vari-



ety of ways. They can deter voters from exercising their right to vote or manufacture events depicting a candidate to be involved in some scam or scandal that will disturb his supporters.

Authentic information can be labelled to be cast as false or generated to avoid accountability, especially in matters of scandals impacting election campaigns. This can cause a sway in public opinion, create rift in communities, demotivate or deceive voters undermining the trust of the general public in the electoral process.

As a democratic country we need to consider how to respond, and create means for interventions against the threat from AI. Legislation should be adequately updated for election-specific concerns of deepfake content depicting candidates.

The voter should also be educated about how to scrutinize generated content. Tech companies also should be directed for watermarking devising new tools for detection. They can also facilitate online information to wholly address the challenge of generative AI.

AI invasion has already been experienced by the Americans during their elections. The Chinese attempts at influencing the American elections with the help of generative AI has also been reported. AI generated fake contents have come up concerning the Russia – Ukraine War. Even smaller countries such as Bangladesh have reported widespread use of AI generated misinformation and deepfakes in their recent elections.


A concept has evolved known as the "liar's dividend" whereby some politicians profit from an informational environment saturated with misinformation.

Another prominent phenomenon is called the "firehose of falsehood" which is a propaganda technique where large number of messages are broadcast rapidly, repetitively, and continuously over multiple channels without any check for truth or consistency

The print media has been almost wiped out by the online platforms , specially after the pandemic, but it alone has the potential to counter the menace of AI disinformation. Though in India we still have some hope with a remaining few print media houses which are continuing against all odds. The trust on print media can get a boost in this attempt to counter this threat. The concerned agencies can educate the citizen to check and cross check information and not believe anything and everything catered on online platforms. The print media has an opportunity as a service to the nation.

The proliferation of AI-generated content during the general elections 2024 may accelerate the loss of trust in the overall election system. A nation where 77% of the population use mobile phones and more than 60% of them are active on the social media there is a need for serious concern. Voters inhabit online spaces crowded with manipulated viral images and videos and AI-generated text. Widespread use of generative technology could create a tremendous confusion as what to believe and what not to believe.





# From Deep Fakes to Data Analysis: AI's Role in Redefining Indian Politics

*AI assists candidates in interacting with the general public through forms, surveys, advertising, and conveying their message to the target audience.It helps achieve public policy objectives. Overall, creating a good reputation for political parties.*

● **By Shubhangi Datta**

As the 2024 Election's hype intensifies in Indian regions, not only politicians but also local citizens seem exhilarated. However, the main highlight of this election is Artificial Intelligence. You might be wondering about the role of AI in the ECI; the truth is that AI has permeated every sector and industry, including elections, which are evolving with tech-oriented rules. This article will primarily focus on AI deep fakes and also explore the pros of AI within the Election Commission of India.

## GOOD SIDE OF AI IN ELECTIONS:


AI has revolutionized election campaigns, influencing three broad aspects: voters, candidates, and the vote counting process.

One positive aspect of AI is its facilitation of gathering information about candidates, their work, and the policies of political parties. This aids voters in making informed decisions. It enables instant advertising and political campaigns for political parties and leaders.

AI assists candidates in interacting with the general public through forms, surveys, advertising, and conveying their message to the target audience.It helps achieve public policy objectives. Overall, creating a good reputation for political parties.

## MENACE OF DEEP FAKE:

We have so far become acquainted with AI-generated deep fake audio, videos, and pictures widely spreading through social media. While AI offers numerous benefits for setting up campaigns, it's also a widely concerning and unsettling issue.



Deep fakes superimpose someone's face, depicting a false image to make them look foolish, resulting in disruptive content. These contents are generally created through subscription-based apps (tools charging between $20-$30).

In 2023, over 500,000 deep fakes were shared on social media, with video and audio deep fakes increasing by 3x and 8x respectively.

From Bollywood actors to politicians (netas), deep fakes are a concerning issue. These fake videos can deceive anyone and are now impacting big-time politics, with politicians being major targets.

This political arena we have seen the deep fake internationally now happening in India. Deep fakes are often used against opponents or in favor of a candidate, leading to misleading, fraudulent, and intrusive content.

## SOLUTION TO THIS DILEMMA:

Although the Ministry of Electronics and Information Technology asked to crack down on deep fakes in December, it has not changed anything. Strict government regulation is the best way to address this issue.

"The advisory mandates that intermediaries communicate prohibited content, particularly those specified under Rule 3(1)(b) of the IT Rules, clearly and precisely to users," said Rajeev Chandrasekhar, IT Minister.

It is noteworthy that deep fake videos were not only generated in 2023 but were also seen during the 2019 Indian elections. However, concerns started to rise during 2023 due to the increase in such content creation.

The best way to combat such disturbing videos is to analyze and cross-check content from verified sources

Several software companies are working on controlling the negative implications of deep fakes on society, and companies such as Intel (with software fake catchers) claim 96% reliability in detecting fake information.

Camera makers such as Sony, Canon, and Nikon are also working on combating deep fakes by giving content a digital signature.

Elections are an essential part of our Indian constitution. AI has already punctuated the 2024 election cycle in ways that could transform how campaigns are run and how voters are informed or misled. Moreover, AI has many advantages in politics. It can work in favour of a candidate or against their opponents.The proliferation of deep fake videos raises important questions about why strict regulations have not been implemented yet.Is it because such regulations may inadvertently support legitimate leaders or suppress their opponents? Or is it due to a lack of awareness about the dangers of AI and the necessary steps to mitigate those dangers? The reasons remain unclear. While this paradigm shift is inevitable, it is important to handle it carefully."





# Election system gives oxygen to democracy

The election process is continuously improving. There has been a lot of change in the election process of one and a half decade ago and today's election process. Now voting is done through EVM machines. Whereas in the past, voting was done by putting ballot paper in the ballot box. Which took time to count. The possibility of fraud was high then. It took the whole day and night to count the votes. But today the results of morning counting are available by afternoon. This has reduced the burden on leaders, officers and counting personnel.

Today, in EVM VVPAT (Vote Verification Paper Audit Trail) machines, voting is done by pressing a button next to the name and election symbol. The election symbol of the candidate appears on the VVPAT display. This process takes two seconds. The entire process is completed in seven seconds. Many types of sensors are installed on VVPAT machine. Doubts have been raised about the functioning of EVM machines. Now that EVM machines have been used in the previous assembly elections and Lok Sabha elections, there is no justification to doubt it in this election. Whatever complaint has been received re-



garding the operation of the machines. Has been resolved. But there is no solution to the doubt. Our voting system has been appreciated by many countries.

In the present election system, voter slips have photographs along with names, due to which the possibility of fake voting is negligible. Now the incidents of booth capturing have come to an end. It is the job of Booth Level Officer (BLO) to distribute voter slips. He helps the voter at the booth.

Is available for. If a voter needs a voter slip, he provides it on the spot. Voters can cast their votes in elections by showing voter identity card, Aadhar card, driving license and other identity cards.

The limit on election campaign expenditure is fixed for Assembly and Lok Sabha elections. Spending beyond the limit is punishable. The details of expenditure on election campaign and publicity have to be given to the returning officer. For this reason, now advertisements, posters and banners etc. are not published in newspapers like before. This is a big achievement of the Election Commission. This has reduced the wasteful expenditure of candidates in elections. This has reduced electoral corruption. Candidates contesting elections have to give details of crimes and cases registered as per the instructions of the Supreme Court. But this is not helping in banning



leaders with criminal tendencies from contesting elections.

Candidates contesting elections have to deposit huge amount of money in the government account at the time of nomination, which gets confiscated if they do not get enough votes. For this reason, candidates from the poor class are not able to contest elections. The amount of security deposit should be such that even poor candidates become candidates and reach the Houses after winning the elections.

The specialty of today's elections is that there is less door-to-door contact through loudspeakers, posters or banners. The election code of conduct is strictly followed. Due to which elections have become transparent and corruption free. Now corrupt activities are recorded through mobile phones and cameras. Which goes viral. On which the Election Commission, Police and Administration take action. This is the first time in the history of the Election Commission that candidates were barred from campaigning for 2.3 days for using indecent words. Now the Election Commission takes immediate action on any undesirable election activities. This is an important achievement in the direction of electoral reforms.

The population of India is one billion forty crore. In which voters are 18 years of age or above. It is ironical that the average voting percentage is 55 to 65 percent. There is not much voting. Due to many reasons people are not able to go to polling booths to vote. Someone is sick or helpless or someone is so uneducated and cowardly that he hesitates to vote in elections. There may be many other circumstantial reasons. Due to which people are not able to go to polling booths. Many people believe that voting should be made mandatory. Such an idea is neither logical nor practical. Therefore, voting has also rejected the policy of making it mandatory.

Elections are the backbone of democracy. The Lok Sabha elections to be held this year are a test of democracy. There should be a permanent government at the center which can take concrete decisions. Elections should be fair and free from violence. This is possible only when all political parties make efforts in this direction. The world keeps an eye on India's democracy. Therefore, we can set an example by conducting elections.






# नागरिकता संशोधन कानून सामयिक

● **डेस्क**

यह समय की मांग भी है और जरूरत भी है। ईसाई अपने धर्म का प्रचार कर रहे हैं। इसके लिए प्रलोभन भी देते हैं। हमारे देश में कितने ही गरीब ईसाई धर्म को अपनाने को बाध्य हो गए। इसी तरह मुसलमान अपने धर्म का प्रचार प्रसार करते रहते हैं। भारत में तो मुगलकाल में हिंदुत्व को तलवार के बल पर रौंदकर लोगों को मुसलमान बनाया गया। हजार साल की गुलामी के बाद हमारा भारत आजाद हुआ है तो हिंदुत्व की रक्षा का दायित्व हमें निभाना ही चाहिए। नागरिकता संशोधन कानून अर्थात सीएए इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण और सामयिक कदम है।

केंद्र की मोदी सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का यह बड़ा कदम है। इसके तहत अब तीन पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उधर, केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कुछ स्वार्थी नेताओं ने विरोध भी जताया है। असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता इसे विभाजनकारी बता रहे हैं लेकिन उनके पास भी इसका जवाब नहीं है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि में मुसलमान तो बहुसंख्यक हैं। उनका भारत में पलायन नहीं हो रहा है बल्कि वे किसी साजिश के चलते हिंदुस्तान आना चाहते हैं। इसलिए उनको नागरिकता देने का औचित्य ही नहीं बनता है।

दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने सीएए को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। इसे पार्टी ने बड़ा मुद्दा बनाया था। गृह मंत्री अमित शाह हाल ही के अपने चुनावी भाषणों में कई बार नागरिकता संशोधन कानून या सीएए को लागू करने की बात कर चुके थे। उन्होंने ऐलान किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। अब केंद्र सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे लागू कर दिया है। सीएए के तहत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए दिसंबर 2019 में पारित हुआ था और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन इसके खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। यह कानून अब तक लागू नहीं हो सका क्योंकि इसके कार्यान्वयन के लिए नियमों को अधिसूचित किया जाना था। सीएए नियम जारी होने के बाद जो लोग बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे केवल उन्हें ही केंद्र सरकार द्वारा भारतीय राष्ट्रीयता दी जाएगी। सीएए में छह गैर-मुस्लिम समुदायों हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। इन्हें केवल भारतीय नागरिकता तब ही मिल सकती है, जब इन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में शरण ली हो। नागरिकता अधिनियम, 1955 भारतीय नागरिकता से जुड़ा एक विस्तृत कानून है। इसमें




बताया गया है कि किसी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता कैसे दी जा सकती है और भारतीय नागरिक होने के लिए जरूरी शर्तें क्या हैं।

इस अधिनियम में पहले भी कई बार संशोधन हो चुका है। इसीक्रम में 2019 में एक बार केंद्र की बीजेपी सरकार इस कानून में संशोधन के लिए विधेयक लाई थी, जिसे नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 कहा गया। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद जब इस विधेयक पर राष्ट्रपति की मुहर लगी तो यह कघनून बन गया। अब 11 मार्च, 2024 को इस कानून को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। नागरिकता संशोधन कानून से असम एनआरसी द्वारा बाहर किए गए लोगों की मदद करने की उम्मीद जताई गई है। प्रदर्शनकारियों को लगता है कि सीएए से राज्य में गैर-मुस्लिम प्रवासियों को लाभ होगा। नागरिकता संशोधन कानून, 2019 को भारतीय संसद में 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया गया, जिसमें 125 मत पक्ष में थे और 105 मत विरुद्ध में थे। बिल पास हो गया और इस विधेयक को 12 दिसंबर को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिल गई। बिल के पारित होने से उत्तर-पूर्व, पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली सहित पूरे देश में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। राष्ट्रीय राजधानी 15 दिसंबर को ठप पड़ गई, जब जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्रों द्वारा विरोध मार्च का आयोजन किया गया और इसने हिंसक रुख अपना लिया। छात्र और पुलिस आमने-सामने थे। झड़पें हुईं और सार्वजनिक बसों में आग तक लगाई गई। हिंसक झड़पों के बाद, दिल्ली पुलिस ने हिंसा में शामिल होने के लिए कथित तौर पर जामिया के 100 से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया। जामिया के छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में और हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग को लेकर 15 दिसंबर को देर शाम जेएनयू और डीयू जैसे अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों सहित हजारों लोग दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए।

नागरिकता संशोधन कानून, 2019, अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोलता है, जो भारत के तीन पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान) से उत्पीड़न या किसी और कारण से अपना देश छोड़कर भारत में आना चाहते हैं। इसका किसी भी भारतीय नागरिकों से कोई लेना-देना नहीं है, चाहे वे किसी भी धर्म से आते हो। इस संशोधन बिल के आने से पहले तक, भारतीय नागरिकता के पात्र होने के लिए भारत में 11 साल तक रहना अनिवार्य था। नए बिल में इस सीमा को घटाकर छह साल कर दिया गया है। नागरिकता संशोधन कानून, 2019 से असम एनआरसी द्वारा बाहर किए गए लोगों की मदद करने की उम्मीद जताई गई है। हालांकि, राज्य के कुछ समूहों को लगता है कि यह 1985 के असम समझौते को रद्द करता है।

1985 के असम समझौते ने 24 मार्च, 1971 को अवैध शरणार्थियों के निर्वासन की कट-ऑफ तारीख तय की थी, जबकि एनआरसी का पूरा उद्देश्य गैरकानूनी प्रवासियों को उनके धर्म से बेदखल करना था, असमिया प्रदर्शनकारियों को लगता है कि सीएए से राज्य में गैर-मुस्लिम प्रवासियों को लाभ होगा।




एनआरसी के तहत, एक शरणार्थी भारत का नागरिक होने के योग्य है यदि वे साबित करते हैं कि या तो वे या उनके पूर्वज 24 मार्च 1971 को या उससे पहले भारत में थे। असम में इस प्रक्रिया को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को बाहर करने के लिए शुरू किया गया था, जो भारत आए थे। बता दें कि 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद बांग्लादेश का निर्माण हुआ था।

सीएए के लागू होने पर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सीएए को अधिसूचित करने में मोदी सरकार को 4 साल और 3 महीने लग गए. पीएम दावा करते हैं कि उनकी सरकार प्रोफेशनल ढंग से और समयबद्ध तरीके से काम करती है. सीएए को लागू करने में लिया गया इतना समय पीएम के सफेद झूठ की एक और झलक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अधिसूचना के लिए जानबूझकर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले का समय चुना है। यह साफतौर पर चुनाव को ध्रुवीकृत करने के लिए किया गया है। यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कहते हैं कि जब देश का नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरे के लिए नागरिकता कानून लाने से क्या होगा? जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है। बीजेपी सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के शासन में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कहती हैं कि जब चुनाव आता है तो बीजेपी ऐसा करने लगती है। कानून में अगर भेदभाव है तो हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं फिर चाहे वो धार्मिक हो, भाषाई हो या फिर जाति आधारित हो। दो दिन में किसी को नागरिकता नहीं दे सकते हैं। ये सिर्फ लॉलीपॉप और दिखावा है। अगर सीएए के बाद ही कुछ लोगों को नागरिक कहते हैं तो क्या ये लोग पहले नागरिक नहीं थे?




# राँची द दलाल स्ट्रीट ऑफ झारखण्ड

**जैसा कि हम जानते है कि झारखण्ड खनिज सम्पदा से भरा राज्य है। यहाँ विकास की असीम संभावनाएं है। अगर केंद्र और राज्य सरकार मिलके सार्थक पहल करे तो झारखण्ड राज्य देश के अग्रणी राज्यों में से एक हो सकता है। कई मल्टीनेशनल कम्पनीज झारखण्ड में निवेश की योजना पे काम कर रही है। कई पावर जेनेरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनीज को भी झारखण्ड अपने और आकर्षित कर रही है।**

**प्रशांत शेखर**
(फाउंडर एंड सीईओ - फिनलिट एनालिटिक्स एल.एल.पी, नई दिल्ली)

भारतीय शेयर बाजार नित नए आयाम गढ़ रहा है और साथ ही निवेशकों को अपनी और आकर्षित कर रहा है। चाहे वह बड़े निवेशक हो या फिर छोटे। पिछले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में लगभग साढ़े चार गुना की बढ़ौतरी देखी गयी है। शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर कहा जाता है। जिस भी देश की अर्थव्यवस्ता अछि होती है उस देश का मेजर सूचकांक में वृद्धि देखि जाती है। अगर किसी देश की हालात खस्ता हो तो फिर सूचकांक में गिरावट देखी जाती है। भारतीय सूचकांक निफ़्टी और सेन्सेक्स को देखे तो ये स्पस्ट संकेत देता है कि भारत बहुत तेजी से विकास कर रहा है। जिसका बहुत बड़ा शेयर केंद्र की केंद्र सरकार की दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व को जाता ही बाजार को पारदर्शिता चाहिए। जो वर्तमान सरकार के कार्य शैली में दिखती है और इसे पूरा विश्व स्वीकार करता है।

पिछले एक दशक में झारखण्ड में भी शेयर बाजार को लेके जागरूकता में काफी इजाफा देखने को मिला है। झारखंड की कुल आबादी लगभग 4 करोड़ है। झारखण्ड की कुल आबादी में एक बड़ा हिस्सा युवाओ का है। अमूमन देखा जाता है कि जोखिम उठाने की छमता युवाओ में ज्यादा होती है। झारखण्ड में सीधे इक्विटी में निवेश का प्रतिशत ज्यादा है। और यह प्रतिशत लगभग झारखण्ड शेयर बाजार में कुल निवेश का 80% के करीब है। यह आंकड़ा अपने आप में बहुत कुछ कहता है। शायद इसी कारण से रांची झारखण्ड का दलाल स्ट्रीट बनता जा रहा है। जो झारखण्ड की बदलती तस्वीर का गवाह है। झारखण्ड में लगभग सभी छोटी -बड़ी शेयर ब्रोकर्स के ब्रांचेज आपको मिल जाएगी। शेयर बाजार में निवेश के लिए झारखण्ड का सबसे अग्रणी जनपद रांची है। दूसरा नंबर जमशेदपुर और तीसरा धनबाद का आता है। रांची, राज्य की राजधानी दूसरा जमशेदपुर में टाटा स्टील की विश्वस्तरीय स्टील प्लांट और तीसरा धनबाद जो कोयले के उत्पादन में




विश्व विख्यात है। चौथे नंबर पे नाम आता है बोकारो जनपद का। यहां सेल का स्टील प्लांट है। झारखण्ड के इन चारो जनपद को मिला लिया जाय को 70 से 80% तक के निवेश शेयर बाजार में इन्ही जनपदों से होता है। सभी की केंद्र बिंदु राँची।

जैसा कि हम जानते है कि झारखण्ड खनिज सम्पदा से भरा राज्य है। यहाँ विकास की असीम संभावनाएं है। अगर केंद्र और राज्य सरकार मिलके सार्थक पहल करे तो झारखण्ड राज्य देश के अग्रणी राज्यों में से एक हो सकता है। कई मल्टीनेशनल कम्पनीज झारखण्ड में निवेश की योजना पे काम कर रही है। कई पावर जेनेरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनीज को भी झारखण्ड अपने और आकर्षित कर रही है। स्टील उत्पादन में झारखण्ड अग्रणी राज्यों में एक है। ऑटोमोबाइल छेत्र में भी इस राज्य का योगदान सहरानिये है। प्रदेश में कई छोटे बड़ी सीमेंट कम्पनीज है। झारखण्ड सरकार को चाहिए कि वह राँची को आईटी हब के रूप में भी विकसित करे। एस.इ.जेड (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) के तौर पे राँची के सीमावर्ती इलाकों को विकसित करना होगा। जो कि भविष्य में भारत के पूर्वोत्तर भाग का प्रतिनिधत्व करे। एक मजबूत सरकारी इक्छाशक्ति की जरूरत है क्योंकि प्रदेश में सम्भावनाये प्रचुर है। मेरा व्यक्तिगत तौर पे मानना है कि अगर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने वाले दिनों में बनती है तो निश्चित तौर पे इस पे पहल हो सकता है। साथ ही स्टार्ट-अप को भी बल प्रदान करना होगा। क्योंकि राज्य में छोटे और मंझौले व्यवसाय के भी व्यापक संभावनाए है। शायद इसी संभाववानो को ध्यान में रखते हुवे बड़ी बड़ी मल्टी नेशनल कम्पनीज निवेश के लिए झारखण्ड की और अपना मन बनाना चाह रही है। जिससे प्रदेश को विकास के एक नए ऑर्बिट में ले जाया जा सकता है। जिससे कुल मिला के राज्य में रोजगार का व्यापक रुप से सृजन किया जा सकता है। और राज्य की आर्थिक स्तिथि सुदृढ़ होगी और निवेश का माहौल बनेगा. जिससे झारखण्ड के दलालस्ट्रीट रांची को और अधिक मजबूती मिलेगा।

झारखण्ड में म्यूच्यूअल फंड्स निवेश में भी वृद्धि देखने को मिली है। म्यूच्यूअल फण्ड के माध्यम से छोटे निवेशक भी अपना निवेश कर पाते है। बिहार से अलग हुवा राज्य झारखण्ड, 15नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया और आज के दिनों में म्यूच्यूअल फण्ड निवेश के मामले में झारखण्ड, बिहार से आगे है। जहां झारखण्ड में म्यूच्यूअल फण्ड निवेश जीडीपी का 17% है वही बिहार में इस-का लगभग आधा है। झारखण्ड में कुल 45 ए.म.सी सक्रिय है। वर्ष 2023 कैलेंडर ईयर तक भारत में म्यूच्यूअल फण्ड फोलिओ की संख्या लगभग 17 करोड़ के आस पास थी। दिसंबर 2023 तक कुल एस.आई.पी की संख्या 7.6 करोड़ थी और 17610 करोड़ रुपए सिर्फ दिसंबर 2023 में निवेश किये गए। भारत की म्यूच्यूअल फण्ड इंडस्ट्री का औसत ए.यु.एम ₹51 लाख करोड़ पार कर चूका है. (कठफ 51.09 ट्रिलियन) और म्यूच्यूअल फण्ड डिस्ट्रीब्यूटर की संख्या 2.56 लाख है। केंद्र में जब मई 2014 में मोदी सरकार आयी थी तो भारत की म्यूच्यूअल फण्ड इंडस्ट्री का औसत ए.यु.एम कठफ 10 ट्रिलियन थी. एक दसक में पांच गुना से ज्यादा हो गया।

जनवरी 2024 के आंकड़ों के आधार पे झारखण्ड राज्य का म्यूच्यूअल फण्ड ए.यु.एम 56700 करोड़ रुपए है। जबकि महाराष्ट्र का 2170500 करोड़ रुपए, बिहार का 50400 करोड़ रुपए और बंगाल का 274500 करोड़ रुपए है। झारखण्ड जैसे राज्यों में निवेश को लेकर जागरूकता की बहुत जरुरत है। अगर इसपर सही दिशा से काम किया जाय तो राज्य के लोगो में निवेश को लेके और अधिक जागरूकता लाया जा सकता है।





# मोबाइल की लत से बढ़ रहा
## ऑटिस्टिक स्प्रेक्ट्रम डिजऑर्डर का खतरा

> मोबाइल की लत से बढ़ रहा ऑटिस्टिक स्प्रेक्ट्रम डिजऑर्डर का खतरा
>
> देर से बोलना सीख रहे बच्चे, पढ़ाई में ध्यान नहीं कर पा रहे केंद्रित
>
> चिड़चिड़ा हो रहा स्वाभाव, मोबाइल से दूरी भी नहीं कर पा रहे बर्दाश्त

● **डॉ पी मिश्र (रांची)**

क्या आपका लाडला भी दिन भर मोबाइल के साथ चिपका रहता है। उससे मोबाइल लेने की कोशिश से वह भड़क उठता है। जोर जोर से रोने लगता है नोचने झपटने लगता है। जिद मचा देता है। आसमान सिर पर उठा लेता है। अगर ऐसी स्थिति तो संभल जाएं। हो न हो मोबाइल से उत्पन्न होने वाली गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ रहा है। बाल रोग और मानसिक रोग विशेषज्ञों के पास अब मोबाइल की लत से बीमार बच्चों के केस आने लगे हैं। छोटे शहर में भी एक अनुमान के अनुसार सप्ताह में दर्जन भर ऐसे बच्चों के केस आ रहे हैं।

### बच्चों में मोबाइल की लत गंभीर चिंता की बातः डॉ विकास

हजारीबाग के शिशु बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विकास कुमार सिंह कहते हैं कि उनके पास हर दो तीन दिन में एक दो बच्चे ऑटिस्टिक स्पेक्ट्रम डिजऑर्डर जैसे लक्षण से ग्रसित बच्चे मिल रहे हैं। जो गंभीर चिंता का कारण है। वह कहते हैं कि ऐसे बच्चों की जयादातर घंटो मोबाइल पर समय बिताने की हिस्ट्री देखी जा रही है। वह कहते हैं कि पिछले कुछ सालों में मां-बाप के बीच एक यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि वह अपने बच्चों का मन बहलाने के लिए उन्हें मोबाइल पकड़ा दे रहे हैं। यह स्थिति घातक साबित हो रही है।






वह कहते हैं कि बड़े शहरों की तरह यहां भी बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म की शिकायतें बढ़ रही हैं।

## जितना हो सके बच्चों को मोबाइल से दूर रखेंः डॉ क्षितिज आनंद

हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग के एचओडी डॉ क्षितिज आनंद कहते हैं कि कोरोना काल के बाद मोबाइल की लत में पड़े बच्चों के व्यवहार में काफी बदलाव दिख रहा है। उनमें एक ओर ज्यादा चिड़चिड़ापन दिख रहा है तो दूसरी ओर कई तरह की नई परेशानी भी दिखने लगी है। बच्चे बोलना भी बहुत धीरे धीरे सीख रहे हैं। उनमें एकाकी भाव भी दिख रहा है। वह कहते हैं कि मोबाइल की लत में एक ही तरफ से संवाद होता है जो बच्चों में एकाकी भाव बढ़ा रहा है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति शून्य से दो वर्ष की उम्र के बच्चों को लेकर है। अमेरिका से आई गाइडलाइन में इस उम्र के बच्चों को जरा सा भी मोबाइल दिखाना नहीं है। वहीं दो से 5 साल के बच्चे आधा घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन नहीं देना है। उसी तरह पांच साल से ऊपर के बच्चे एक घंटा तक की अवधि निर्धारित की गयी है। इसके बाद भी घंटों बच्चे मोबाइल के साथ चिपके रहते हैं।

## अपने बच्चों के लिए माता पिता को समय निकालना होगाः डॉ रूपा घोष

एचएमसीएच की मनोरोग चिकित्सक डॉ रूपा घोष कहती हैं कि मोबाइल की लत के कारण बच्चों में फोकस करने की क्षमता का ह्रास हो रहा है। उनके पास इलाज के लिए कई ऐसे बच्चे आ रहे हैं जिन्हें मोबाइल की लत के कारण पूरा व्यवहार बदल जाता है। उन्हें किसी दूसरी चीज में ध्यान नहीं लगता है। न वह अपना टास्क पूरा करते हैं और न ही अन्य काम ठीक से करते हैं वह कहती हैं कि इसके लिए माता पिता को ध्यान देना होगा। किसी भी स्थिति में खुद का पिंड छुड़ाने के लिए बच्चों को मोबाइल नहीं सौंपना होगा। हर हाल में उनके लिए भी समय निकालना होगा। वह कहती है कि रात में अंधेरा करके तो मोबाइल देखने से बच्चों के साथ बड़ों को भी परहेज करना होगा। ज्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से अनिद्रा के शिकार भी लोग हो रहे हैं।





### केस 1

एचएमसीएच में पिछले दिनों एक 18 वर्ष की लड़की बेचैनी और घबराहट और गुस्सा की शिकायत पर पहुंची। डॉ बताती हैं कि पूछताछ पर पता चला कि वह फोन के बिना एक मिनट भी नहीं रह पाती थी। यहां तक की फोन चार्ज में होने के दौरान भी उसे बहुत घबराहट होने लगती थी। घर वालों से हमेशा झगड़ पड़ती थी पर डॉक्टर की काउंसिलिंग से वह ठीक हुई है।

### केस 2

एचएमसीएच में एक दस के लड़के को उसकी मम्मी लेकर आई थी। उसकी मम्मी ने बताया कि वह भी दिन भर मोबाइल में गेम खेलता रहता था। इससे वह पढ़ाई में बिल्कुल कमजोर हो गया है। चिड़चिड़ा भी हो गया है। किसी की बात नहीं सुनता है। डॉक्टर ने उसकी काउंसिलिंग की है। साथ ही दवा भी दी है। वह सुधार की राह पर है पर पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है।

एक विश्लेषण

# 18वाँ लोकसभा चुनाव



## लोकतंत्र का सफरनामा

> **जनता की याददाश्त कमजोर होती है अथवा जनता एक स्थिर परिपक्व सरकार चाहती है? विदेशी ताकतों द्वारा हस्तक्षेप की बात करने वाली इंदिरा गाँधी की बातों के पीछे कोई रहस्य था? संगठन की दुहाई देने वालों के संगठन की शक्ति क्षीण हो गयी अथवा संगठन केवल प्रचार का साधन है?**

● **माणिकचन्द सेठ**

सन 1947 से लेकर सन 2019 तक भारत में लोकसभा के चुनाव सत्रह बार हो चुके हैं । सन 2024 में अठारहवी लोकसभा का चुनाव हो रहा है। हर लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल एवम विपक्षियों के बीच सत्ता की प्राप्ति का संघर्ष होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के सतहत्तर सालों बाद भी आरोप प्रत्यारोप की नीति ही सत्ता प्राप्ति का एकमात्र साधन है। हर चुनाव में एक भावनात्मक मुद्दा जनता की संवेदनाओं को उद्वेलित करता है और सत्ता का माध्यम बन जाता है।

सतहत्तर सालों के सफर का सिंहावलोकन करने पर पता चलता है कि कभी गरीबी हटाओ का नारा, लगातार तीन बार केंद्र में सत्ता दिलाता है। फिर वही गरीबी हटाने वाले दल की नेता शक्ति का केंद्र बन जाती है। भ्रष्टाचार , अफसरशाही, मंहगाई, बेरोजगारी बेलगाम हो जाती है। जनता की अकुलाहट असंतोष की आवाज बन जाती है और इस परिस्थिति में आग में घी का काम करता है राजनारायण द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर आया निर्णय जिसमें इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाकर अयोग्य घोषित किया जाता है। सत्ता के शीर्ष पर बैठी कांग्रेस सरकार की मुखिया इंदिरा गांधी का अधिनायकवादी स्वरूप दिखता है। देश में आपातकाल की घोषणा होती है।भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के विरुद्ध जय प्रकाश नारायण की अगुवाई में जनता की आवाज के साथी बनने वाले नेताओं को कारागार और अंत में 25 जून 1975 से 21 मार्च 77 की इक्कीस महीने की त्रासदी समाप्त हुई। तानाशाही के खिलाफ जनता ने वोट दिया और जनता पार्टी का उदय हुआ। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। मार्च 1977 से जुलाई 1979 तक रहे और किसान नेता चौधरी चरण सिंह जनवरी 1980 तक प्रधान मंत्री का दायित्व निभाया। एक बार फिर आपातकाल थोपने वाली इंदिरा गांधी 1980 में सत्ता में वापस आईं और 1984 तक सत्ता में बनी रहीं। इतनी जल्दी सत्ता वापसी के क्या कारण थे ? जनता की याददाश्त कमजोर होती है अथवा जनता एक स्थिर परिपक्व सरकार चाहती है ? विदेशी ताकतों द्वारा हस्तक्षेप की बात करने वाली इंदिरा गाँधी की बातों के पीछे कोई रहस्य था ? संगठन की दुहाई देने वालों के संगठन की शक्ति क्षीण हो गयी अथवा संगठन केवल प्रचार का साधन है ?

कांग्रेसमुक्त पहली सरकार का कार्यकाल पूरे पाँच साल नहीं चला। फिर इंदिरा गांधी की हत्या ने उनके हवाई जहाज उड़ाने वाले बेटे के लिये कॉकपिट से राजनीतिक गलियारे की कैबिनेट से होते हुये देश की कमान दिलाई। सन 1984 के इस चुनाव में माँ की हत्या से टूअर हुए बेटे राजीव को सहानुभूति मिली। रेकर्ड मतों से कॉंग्रेस सत्तारूढ़ हुई और 404 सीटों का अधिकतम बहुमत प्राप्त हुआ तथा बीजेपी



मात्र दो सीटों पर सिमट गई। इस चुनाव से पहले इंदिरा की हत्या के रोष में सामाजिक अन्याय हुआ। सिख समुदाय के लोगों को पाशविक यातनाओं का सामना पड़ा। यह स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक समाज का घिनौना पक्ष रहा। जहाज उड़ाने वाला देश चलाने में चूक गया । इस सरकार की उपलब्धि रही कम्प्यूटर क्रांति।

सन 1989 में मंडल कमंडल की राजनीति का फल गैर कांग्रेसी सरकार को सत्ता मिली और राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री बने। ग्यारह माह बाद युवा तुर्क चन्द्र शेखर सिंह ने प्रधानमंत्री पद का दायित्व सम्भाला अठारह महीने बाद पुनः जून 1991 में कांग्रेस की सरकार आयी इस चुनाव में राजीव गांधी की हत्या लिट्टे समर्थकों द्वारा की गई। कांग्रेस को 232 सीटें मिलीं, नरसिम्हा राव बने प्रधानमंत्री तथा 120 सीटें जीत कर बीजेपी मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में रही और 1996 के आम चुनावों में कांग्रेस फिर एक बार सत्ता से बाहर हुई।बीजेपी को161 सीटों पर विजय मिली। कई दलों के गठबंधन में बीजेपी के अटल बिहारी वाजपेयी को प्रधानमंत्री के चुना गया, बहुमत सिद्ध नहीं कर पाने के कारण इस्तीफा दिया। भारतीय राजनीति में नैतिकता और शुचिता का यह अकेला उदाहरण है जिसमें प्रधानमंत्री बने रहने के लिये किसी भी प्रकार के जोड़ तोड़ को प्रश्रय देकर सरकार बचाने की बजाय सत्ता छोड़ना उचित माना।

जनता दल के इंद्र कुमार गुजराल प्रधान मंत्री बने और सन 1998 में मध्यावधि चुनाव हुए बीजेपी के नेतृत्व में एन डी ए की सरकार बनी । बीजेपी को 182 सीटें मिलीं और एक बार फिर अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इंडिया शाइनिंग का नारा, प्रमोद महाजन की भूमिका स्वर्णिम त्रिकोण सड़क योजना और नदियों को जोड़ने की योजना बाजपेयी सरकार की कालजयी उपलब्धि रही। परन्तु सन 2004 के चुनाव में बीजेपी और उसका गठबंधन चुनाव में जीत नहीं पाया। काम करने के बावजूद एनडीए सरकार को चुनावी पराजय मिली क्योंकि बीजेपी और उसकी बौद्धिक निर्देशक संस्था जनता की नब्ज पहचानने में भूल कर गयी।

सन 2004 में मात्र 145 सीटें जीत कर अन्य दलों के समर्थन से कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार बनी ।सदन में 148 सीटों वाली भाजपा ने विपक्ष की भूमिका निभायी। इस चुनाव में आर्थिक विकास का नया नारा आया। 2009 के चुनाव में आर्थिक विकास के नारे और मंहगाई कम करने को मुद्दा बना कर कांग्रेस ने 206 सीटें जीत कर अन्य दलों के सहारे एनडीए गठबंधन का नेतृत्व किया और बीजेपी घटकर 116 सीटों पर सिमट गई।

इस बीच सोशलिस्ट, कम्युनिष्ट दलों का भारतीय राजनीति में अस्तित्व घटने लगा और जय प्रकाश नारायण की सामाजिक, आर्थिक,राजनीतिक परिवर्तन की राह दिखाने वाली सम्पूर्ण क्रांति से उदित युवा नेताओं ने जाति आधारित क्षेत्रीय दलों का गठन राजनीतिक आर्थिक विकास और सामाजिक सुरक्षा का मुल्लमम्मा चढ़ाकर किया। राष्ट्रीय जनता दल, समता पार्टी, समाजवादी पार्टी,भारतीय क्रांति दल,तृणमूल कांग्रेस, झामुमो, तेलगुदेशम, बीजेडी को पहले से ही चल रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की सफलता ने नये क्षेत्रीय दलों को राह दिखाई।

सन 1977 से 2014 तक क्षेत्रीय दलों ने केंद्र में सरकार बनाने वाली बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के साथ सत्ता में भागीदारी की।

सन 1984 के बाद पहली बार 2014 में बीजेपी ने अपने अकेले दम पर बहुमत पाया और एनडीए में शामिल दलों के साथ गठबंधन को निभाया। 30 सालों बाद भारतीय राजनीति को एक स्थिर सरकार देने वाली पार्टी मिली।

इस चुनाव का मुद्दा 2004 से 2014 तक रही कांग्रेस नीत यूपीए की सरकार में हुये घोटालों की लंबी फेहरिस्त कोयला घोटाला, कॉमन वेल्थ खेल घोटाला, सरकारी भ्रष्टाचार, बेलगाम अफसरशाही,



**चुनावी बांड की के पीछे की मंशा सभी राजनीतिक दलों की नैतिकता की पोल खोलती है और देश की राजनीति में लोकतंत्र को कमजोर करने ,भ्रष्टाचार को कानूनी जामा पहनाने का काम है। ऐसे दलों द्वारा लोकतंत्र की रक्षा जैसे शब्द जनता को कहे गये अपशब्द हैं।**



माफिया की बढ़त और  कोढ़ में खाज का काम किया मंहगाई पर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान ने ₹ मेरे पास कोई जादू की छड़ी नहीं जो मंहगाई कम कर दूं₹। एक विश्वविख्यात अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री का ऐसा लाचारगी भरा बयान और अच्छे दिन आयेंगे को प्रखर वक्ता नरेंद्र मोदी ने भाजपा के पक्ष से एक बड़ा मुद्दा बनाया। कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता से अकुलाई त्रस्त जनता ने बीजेपी को निर्णायक जीत दिलाई। कांग्रेस पार्टी अपने राजनीतिक जीवन यात्रा में न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई, इसे केवल 44 सीटें मिलीं।

